**10वीं पास छात्र/छात्राओं के लिये पोलीटेकनिक महाविद्यालय धार में संस्था स्तर काउंसलिंग द्वारा प्रवेश का अंतिम अवसर**

स्थानीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय धार में इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु संस्था स्तर काउंसलिंग (CLC) दिनांक 10.09.2024 एवं दिनांक 15.09.2024 को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित की जायेगी । इस हेतु dte.mponline.gov.in पर डिप्लोमा प्रोग्राम के अन्तर्गत इंजीनियरिंग डिप्लोमा के लिये संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु दिनांक 05.09.2024 से 09.09.2024 तक एवं 11.09.2024 से 15.09.2024 तक पंजीयन कराना होगा।

संस्था में निम्नलिखित डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है –

1. मेकाट्रानिक्स
2. मेन्यूफेक्चरिंग इंजी.
3. इण्डस्ट्रीयल इलेक्ट्रानिक्स
4. कम्प्यूटर साईंस
5. इनफारमेशन टेक्नालाजी

**प्रवेश शुल्क** – शिक्षण शुल्क रू. 10000/– अन्य शुल्क रू. 332/–

अनुसूचित जाति/जनजाति के पात्र उम्मीदवारों को नियमानुसार शिक्षण शुल्क भरने से छूट प्रदान की जाती है साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के पात्र उम्मीदवारों को शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क में छूट तथा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त निम्न छात्रवृत्ति योजनाऐं समस्त श्रेणी के विद्यार्थियों हेतु संचालित की जाती है –

AICTE छात्रवृत्ति योजनायें जिसके अन्तर्गत चयनित विद्यार्थियों को 50 हजार प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है –

1. प्रगति छात्रवृत्ति (केवल छात्राओं के लिये)

2. सक्षम छात्रवृत्ति (केवल दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये)

3. स्वनाथ छात्रवृत्ति (अनाथ/कोरोना से माता पिता की मृत्यु/सशस्त्र बल में शहीद की संतान)

प्रवेश के इच्छुक 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी पोलीटेकनिक महाविद्यालय में दिनांक 10.09.2024 एवं 15.09.2024 को प्रातः10.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित होने वाली संस्था स्तर काउंसलिंग में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते है। प्रवेश की अंतिम तिथि 15.09.2024 निर्धारित है।

**अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें** – 9407408699, 9425954907, 9893929062, 7000514489, 9826099278,7828199338

प्राचार्य
धार पोलीटेकनिक महाविद्यालय
धार (म.प्र.)